## संपादकीय

# तर्कसंगत जीएसटी

### लोकलुभावन बनाने की कोशिश से बचें

करदाता वित्तमंत्री अरुण जेटली के इस बयान से खुश होंगे कि सभी चीजों पर समान जीएसटी लागू किया जाएगा। संपूर्ण विश्व में भारत का कर निर्धारण सब से दुरूह रहा है। अतएव इसके सामान्य और सुलभ करने के प्रयास का सभी लोग स्वागत करेंगे। 28 प्रतिशत वाले स्लैब से बहुत सारी वस्तुएं 18 प्रतिशत के स्लैब में लाई गई हैं। यहां तक कि अब सीमेंट और ऑटो पार्ट्स के स्लैब को भी कम किए जाने का प्रस्ताव है तो सिर्फ कुछ लग्जरी और कुछ अति प्रतिबंधित वस्तुएं ही 28 प्रतिशत के स्लैब में रह गई हैं। वैसे कुछ राज्यों को ये शिकायत है कि जीएसटी स्लैब में उनका हिस्सा काफी कम है। जैसे कि पंजाब को शिकायत है कि जीएसटी लागू होने के बाद उनके कर संग्रह में 37 प्रतिशत की कमी आई। इसी तरह हिमाचल की आय में भी काफी कमी आई और वहां की आर्थिक अवस्था को संभालने के लिए केंद्र ने 2022 तक के लिए नुकसान भरपाई के लिए सहयोग का आश्वासन दिया है। जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से जनता और सरकार को बहुत उलझनों और परेशानियों से दो-चार होना पड़ा। बाद में इसमें काफी परिवर्तन किए गए।

इस समय जीएसटी की प्रणाली काफी कायदे से कार्य कर रही है और इससे लोगों को अब कोई शिकायत भी नहीं रह गई। कई वस्तुओं के कर के स्लैब में कमी करने से लोगों को बहुत खुशी भी हुई परंतु इस परिवर्तन को अनदेखा भी नहीं किया जा सकता। वैसे भी किसी भी सरकार द्वारा चुनाव से पहले लोकलुभावन कार्य करना कोई नई बात नहीं है परंतु वित्त मंत्री का यह प्रस्ताव कि सभी वस्तुओं पर समान जीएसटी लागू करने का प्रयास किया जाएगा, काफी मुश्किल कार्य है क्योंकि बहुत-सी वस्तुएं ऐसी हैं जो आम लोगों के लिए आवश्यक हैं। उनका कर कुछ प्रतिबंधित वस्तुओं के कर के साथ समान नहीं किया जा सकता परंतु वित्त मंत्री का यह निर्णय कि कुछ और वस्तुओं पर जीएसटी कम की गई है, स्वागतयोग्य है।


# नए साल का तोहफा, PF खाताधारकों को मिल सकता है यह फायदेमंद विकल्प

नई दिल्ली। भविष्य निधि खाता धारकों के लिए नए साल में अच्छी खबर मिल सकती है. कर्मचारियों के रिटायरमेंट फंड का इंतजाम करने वाली कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) नये साल में अपने अंशधारकों को अपने फंड से शेयर बाजार में किए जाने वाले निवेश को बढ़ाने या घटाने का विकल्प दे सकता है. ईपीएफओ इसके अलावा कई अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ और कोष के प्रबंधन के डिजिटल साधन



जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध करा सकता है. मौजूदा स्थिति में ईपीएफओ खाताधारकों के जमा का 15 फीसदी तक एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश किया जाता है. इस मद में अब तक करीब 55,000 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है. हालांकि, ईटीएफ में किया गया निवेश अंशधारकों के खाते में नहीं दिखाई देता है और न ही उनके पास अपनी भविष्य निधि की इस बचत से शेयर में निवेश की सीमा बढ़ाने का विकल्प है. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन अब एक ऐसा सॉफ्टवेयर विकसित कर रहा है जो कि रिटायरमेंट सेविंग में नकदी और ईटीएफ के हिस्से को अलग-अलग दिखाएगा. वर्तमान में खाते में सिर्फ बचत दिखाई देती है जिसमें नकदी और ईटीएफ समेत अन्य घटक शामिल होते हैं. एक बार जब आपके ईपीएफ खाते में नकद और ईटीएफ का हिस्सा अलग-अलग दिखने लगेगा तो ईपीएफओ का अगला कदम अंशधारकों को शेयर में निवेश बढ़ाने या घटाने का विकल्प देना होगा.

# नए साल से वाहन खरीद में अनिवार्य नहीं होगा दुर्घटना बीमा




**वाहन मालिकों पर घटेगा अतिरिक्त बोझ**

एक जनवरी से वाहन खरीद के दौरान निजी दुर्घटना बीमा अनिवार्य नहीं होगा। आपको सिर्फ थर्ड पार्टी बीमा लेना जरूरी होगा। इरडा के नए दिशानिर्देशों के मुताबिक, अगर आपके पास पहले से ही निजी दुर्घटना बीमा कवर है तो आपको गाड़ी खरीद के साथ इसे लेना अनिवार्य नहीं होगा। आपके पास पहले से कोई वाहन है तो दूसरी गाड़ी की खरीद पर भी पर्सनल एक्सीडेंट कवर लेने की आवश्यकता नहीं है। इससे वाहन मालिकों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। थर्ड पार्टी बीमा का कवर का दायरा भी बढ़ा इरडा ने अदालती आदेश के बाद थर्ड पार्टी का बीमा कवर भी बढ़ा दिया है और नए साल से यह दो लाख की जगह 15 लाख रुपये होगा। हालांकि थर्ड पार्टी इंश्योरेंस दोपहिया के लिए पांच साल और कारों के लिए तीन साल का एकसाथ लेने के नियम से बीमा महंगा हो गया है।

नई दिल्ली। नए साल से बैंकिंग और बीमा क्षेत्र में कई बदलाव आ रहे हैं, खासकर वाहन बीमा क्षेत्र में इरडा के कई फैसले एक जनवरी से लागू होंगे। इनमें थर्ड पार्टी बीमा 15 लाख रुपये होना और निजी वाहन दुर्घटना बीमा का गाड़ी खरीदते वक्त अनिवार्य न होना शामिल है। विशेषज्ञों का कहना है कि इंश्योरेंस में हुए बदलावों को लेकर अगर आपको कोई संदेह है तो आप ऑनलाइन बीमा या बैंकिंग उत्पादों की तुलनात्मक जानकारी देने वाली कंपनियों से संपर्क साध सकते हैं।

# रेलवे की कंपनियों के लिये नई योजना : सामान, सेवाएं उपलब्ध कराइए

नई दिल्ली। रेलवे ने यात्रियों को सेवायें देने वाली कंपनियों के लिये एक नई योजना पेश की है। इसके तहत कंपनियों को चलती ट्रेनों में यात्रियों को सामान और सेवाएं उपलब्ध कराने के बदले विज्ञापन की अनुमति दी जाएगी।ऐसे में आने वाले समय में किसी ट्रेन पर किसी साबुन का विज्ञापन देखने के बाद अगर शौचालय में उसी




ब्रांड का साबुन देखते हैं तो आपको ताज्जुब नहीं होना चाहिए। रेलवे द्वारा तैयार नयी नीति के मसौदे में कहा गया है कि चलती ट्रेनों में सामानों और सेवाओं के बदले विज्ञापन की छूट देने के मुद्दे पर बोर्ड में चर्चा हुई है और इसे प्रायोगिक आधार पर लागू करने का निर्णय किया गया है। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हम अनूठे विचार को प्रायोगिक तौर पर शुरू करने जा रहे हैं। वस्तु विनिमय व्यवस्था की तर्ज पर। इसमें रुपयों को कोई आदान-प्रदान नहीं होगा।

# सौर ऊर्जा सिस्टम पर टैक्स की दर 9 प्रतिशत हो जाएगी

नई दिल्ली। सौर ऊर्जा उत्पादन करने वालों ने इंडस्ट्री में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं पर 5 प्रतिशत जीएसटी लागू करने की मांग की है. सोलर पावर डेवलपर एसोसिएशन ने कहा है कि जीएसटी काउंसिल ने 22 दिसंबर की बैठक में जो फैसला किया, वह सरकार की क्लीन एनर्जी पॉलिसी के खिलाफ है. इससे सोलर पावर जेनेरेटिंग सिस्टम पर टैक्स की प्रभावी दर 8.9 प्रतिशत हो जाएगी. यह पूरे सेक्टर के लिए नुकसानदायक होगा। गौरतलब है कि जीएसटी लागू होने से पहले इस सेक्टर पर प्रभावी टैक्स दर 1.5 प्रतिशत से 2 प्रतिशत के बीच थी. जीएसटी काउंसिल के प्रस्ताव जनवरी 2019 से लागू हो सकते हैं.

# स्मिथ और वार्नर की गैरमौजूदगी से हम नाकाम रहे - कप्तान टिम पेन

मेलबर्न. भारत के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर हार के बाद आस्ट्रेलिया के कप्तान टिम पेन ने रविवार को यहां स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाज प्रतिबंध स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर की गैरमौजूदगी में मेहमान टीम के बेहद उम्दा गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने में नाकाम रहे. भारत ने तीसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया को 137 रन से हराकर चार मैचों की श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त बनाई. विराट कोहली



की अगुआई वाली टीम ने इसके साथ ही आस्ट्रेलिया में 70 दशक में पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए. प्रतिबंध के कारण स्मिथ और वार्नर तथा कैमरन बेनक्राफ्ट की गैरमौजूदगी से टीम में अनुभवहीनता के कारण ऐसा है. इन तीनों को इस साल दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण में भूमिका के कारण निलंबित किया गया है. बेनक्रॉफ्ट का प्रतिबंध शनिवार को खत्म हो गया जबकि स्मिथ और वार्नर का प्रतिबंध मार्च अंत तक जारी रहेगा. यह अनुभवहीनता है. यह दबाव है. भारत का गेंदबाजी आक्रमण संभवतः इतना अच्छा है जितने अच्छे गेंदबाजों का सामना हमारे बल्लेबाजों ने अपने करियर में किया है.

# इन स्मार्टफोन पर व्हाट्सऐप नहीं करेगा काम


नई दिल्ली। व्हाट्सऐप ने कुछ साल पहले चुनिंदा मोबाइल डिवाइस को सपोर्ट नहीं मुहैया नहीं कराने की जानकारी दी थी। ब्लैकबेरी 10, ब्लैकबेरी ओएस, नोकिया सिंबियन एस 60, विंडोज फोन 8.0, नोकिया एस 40, एंड्रॉयड वर्जन 2.3.7 और उससे पुराने, आईफोन आईओएस 7 और उससे पुराने ओएस पर चलने वाले डिवाइस पर व्हाट्सऐप सपोर्ट नहीं मुहैया कराने की बात सामने आई थी। व्हाट्सऐप अब इन प्लेटफॉर्म के लिए अपनी सेवा में कोई




निवेश नहीं करती है। 2020 के अंत तक इन सभी प्लेटफॉर्म के लिए सेवा बंद हो जाएगी।

नोकिया सिंबियन एस60, ब्लैकबेरी ओएस, ब्लैकबेरी 10 और विंडोज 8.0 ओएस पर चलने वाले डिवाइस पर व्हाट्सऐप काम नहीं करता है। 31 दिसंबर 2018 से नोकिया एस40 पर ऑपरेटिंग सिस्टम पर चलने वाले हैंडसेट पर व्हाट्सऐप काम करना बंद कर देगा।

### नहीं रहे अफगानिस्तानी खिलाड़ी राशिद खान पिता, सम्मान में आज खेलेंगे बिग बैश का मैच



नई दिल्ली। अपनी फिरकी के दम पर काफी कम समय में ही क्रिकेट दुनिया में छाने वाले अफगानिस्तानी खिलाड़ी राशिद खान के पिता की मृत्यु हो गई है. राशिद खान के पिता 30 दिसंबर को इस दुनिया से अलविदा कह गए. उन्होंने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी. राशिद इस समय ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में एडिलेड स्ट्राइकर्स की ओर से खेल रहे थे. राशिद इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हैं.

राशिद खान के ट्विटर पर जानकारी देने के बाद उनके साथी खिलाड़ियों, टीम सनराइजर्स हैदराबाद और दुनिया के कई क्रिकेट दिग्गजों ने शोक जताया. बता दें कि ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में राशिद खान अभी तक 3 मैच में 5 विकेट ले चुके हैं.

# घर में मोर पंख रखने से होते हैं ये लाभ

आज हम आपको नए साल पर मालामाल होने का एक साधारण उपाय बताऐंगे। इसके आपको करना होगा सिर्फ यह काम। इस नए साल पर घर में



मोरपंख को रख लें लेकिन याद रखे कि मोर का पंख सिंगल ही होना चाहिए। जिस घर में मोर का पंख लगा हुआ होता है उस घर में सर्प और बुरी शक्ति कभी प्रवेश नहीं कर सकती। घर के दक्षिण पूर्व में मोर के पंखों को रखना अपने घर में प्रकाश लाने के लिए बहुत ही उत्तम साबित होता है। कभी-कभी ऐसा होता है हमारे चारों तरफ नकारात्मक प्रकार की ऊर्जा फैली रहती है और हम अपने घर में मोर का पंख रखते हैं तो नकारात्मक प्रकार की ऊर्जा समाप्त हो जाती है और सकारात्मक प्रकार की विधियां बनी रहती है।

# डेविस कप : दिविज शरण की भारतीय टीम में वापसी

नई दिल्ली। शियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता दिविज शरण का 2012 के बाद पहली बार डेविस कप मैच में खेलना तय है.



दिविज को कोलकाता में एक और दो फरवरी को इटली के खिलाफ होने वाले विश्व ग्रुप क्वालीफायर मुकाबले के लिये भारतीय टीम में शामिल किया गया है. अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के सूत्रों ने कहा कि रोहित राजपाल की अगुवाई वाली नई चयनसमिति ने मुख्य रूप से रैंकिंग के आधार ही टीम का चयन किया है. सूत्रों ने कहा, 'चयनसमिति ने चोटी के चार एकल खिलाड़ियों और शीर्ष दो युगल खिलाड़ियों को चुना है.'गौरतलब है कि दिविज शरण कंधे की चोट के कारण सर्बिया के खिलाफ नहीं खेल पाए थे.

दिल्ली का यह खिलाड़ी अभी युगल रैंकिंग में 39वें नंबर पर हैं और वह 37वें नंबर के रोहन बोपन्ना के साथ जोड़ी बनाएंगे.

## ऐसे बनाएं जायकेदार लेमन पेपर फिश




सामग्री-
' पतले स्लाइस में कटी रोहू मछली- 1/2 किलो
' करी पत्ता- 10
' सरसों- 1 चम्मच
' बारीक कटा लहसुन- 4 कलियां
' सौंफ- 1 चम्मच
' साबुत काली मिर्च- 2 चम्मच
' हल्दी- 1 चम्मच
' नीबू का रस- 2 चम्मच
' नमक- स्वादानुसार
' तेल- आवश्यकतानुसार

विधि काली मिर्च को दरदरा पीस लें। कड़ाही में तेल गर्म करें और उसमें सरसों डालें। जब सरसों चटकने लगे तो कड़ाही में करी पत्ता और सौंफ डालकर कुछ सेकेंड भूनें। अब लहसुन और कटी हुई मिर्च डालें और लहसुन के मुलायम होने तक पकाएं। मछली के टुकड़ों को अब कड़ाही में डालें। हल्दी, नमक और काली मिर्च पाउडर छिड़ककर मिलाएं। मध्यम आंच पर मछली को अच्छी तरह से पकाएं। जब मछली पक जाए तो गैस बंद करें। नीबू का रस मिलाकर गर्मागर्म सर्व करें

## शब्द सामर्थ्य-34

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 33 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

## सू-दोकू-34

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र 33 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## आज का राशिफल

मेषः आज का दिन आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक योजनाएं सफल होगी। व्यावसायिक क्षेत्र में कुछ काम कर सकेंगे। अधिक लोगों के साथ आज संपर्क बना रहेगा। बौद्धिक कार्य करने में रुचि बढ़ेगी। छोटे प्रवास की भी संभावना है।

वृषभः वैचारिक स्तर पर विशालता और वाणी की मधुरता से अन्य लोगों को प्रभावित कर पाएंगे। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम न मिलने पर भी उस क्षेत्र में आप आगे अवश्य बढ़ सकेंगे।

मिथुनः आपका मन दुविधा में रहेगा। अधिक भावुकता मन को अस्वस्थ बनाएगी। माता के प्रति अधिक भावनात्मक रहेगें। बौद्धिक चर्चा का प्रसंग उपस्थित होगा, लेकिन वाद-विवाद को टालिएगा।

कर्कः आज भाईयों से लाभ होगा। किसी सुंदर स्थल पर प्रवास की संभावना है। आज आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त करेंगे। संबंधों में भावनाओं की प्रधानता रहने से संबंध सुखदायी रहेंगे।

सिंहः विभिन्न योजनाओं के विषय में अधिक विचार आपको दुविधा में डालेंगे। परिवारजनों के साथ अच्छा वातावरण प्राप्त होने से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। दूर स्थित व्यक्ति या संस्था के साथ सम्बंधों में दृढ़ता आएगी, जो आगे चलकर लाभदायी रहेगी।

कन्याः आज का दिन बहुत अच्छी तरह से बीतेगा। शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। लक्ष्मीदेवी की कृपा आप पर बनी रहेगी।

तुलाः क्रोध पर संयम रखिएगा। संभव हो तो वाद-विवाद से दूर रहिएगा। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद होने की संभावना है। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, आंखो का ध्यान रखें।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए लाभदायी और शुभफल देने वाला रहेगा। सांसारिक सुख प्राप्त होगा। विवाहोत्सुकों के लिए विवाह के योग हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में भी विशेष लाभ होगा।

धनुः आज का आपका दिन शुभ है। आप में परोपकार की भावना रहने से अन्य लोगों को सहायता करने के लिए आप उत्सुक रहेंगे। व्यापार के कारण कहीं यात्रा पर जा सकते हैं। उच्च अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

मकरः आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। बौद्धिक तथा लेखनकार्य से जुड़ी प्रवृत्ति में आप सि य रहेंगे। मानसिक उद्वेग से आप परेशान रह सकते हैं।

कुंभः आज मन में अनेक विचार आते रहेंगे परिणामस्वरुप मानसिक थकान का अनुभव होगा। क्रोध अधिक मात्रा में न हो इसका ध्यान रखिएगा।

मीनः आमोद-प्रमोद में आप डूबे रहेंगे। कलाकार एवं लेखकों को अपनी प्रतिभा प्रकट करने का अवसर मिलेगा। व्यवसाय में साझेदारी के लिए उत्तम समय है।